सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–1**

**राजभवन नैनीताल 06 जून, 2024**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन गोल्फ कोर्स में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 19वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट 7 से 9 जून तक आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 121 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट का रोचक पहलू है कि इस वर्ष 06 वर्ष के बच्चे से लेकर 75 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के 07, वेटरन (65 से 75) आयु वर्ग के 18, (सामान्य) आयु वर्ग के 61, महिला वर्ग के 11 खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 15 से 17 आयु वर्ग के 08, जिसमें 05 बालक और 03 बालिका खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 12 से 15 आयु वर्ग के 08, जिसमें 07 बालक और 01 बालिका खिलाड़ी और 12 वर्ष से कम आयु के 8, जिसमें 05 बालक और 03 बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जो इस गोल्फ के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने, महिला, युवाओं और आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाना टूर्नामेंट का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से नैनीताल सहित समूचे उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौन्दर्य गोल्फरों की पसंदीदा जगह है। देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता, यहां के पर्यटन स्थलों का प्रचार–प्रसार भी करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्ष से टूर्नामेंट को लेकर सभी प्रतिभागियों में खासा उत्साह है और गोल्फरों की अच्छी संख्या रही। उन्होंने कहा कि गोल्फ से स्कूली बच्चों को भी खेलों से जोड़ने के प्रयास किये गए हैं। गोल्फ कोर्स के माध्यम से युवाओं को गोल्फ खेल के प्रति जागरूक करने के साथ ही पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति जोड़ना है। विगत दिनों ही इंटर स्कूल गवर्नर गोल्फ कप का आयोजन किया गया, जिसमें कई स्कूलों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमें बेटियों का भी अच्छा प्रतिनिधित्व रहा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्यपाल ने गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले प्रायोजकों का भी आभार व्यक्त किया। गौरतलब है की इस बार इंडियन ऑयल, पर्यटन विभाग, खेल विभाग उत्तराखंड, ओएनजीसी, हीरो ग्रुप, सिडकुल, आदित्य बिरला ग्रुप, अशोक लीलैंड, टाटा मोटर्स, जीप, मिल्टन ग्रुप, एसबीआई, टीएचडीसी, ट्राइडेंट और शिखर इंफ्रा ने सहयोग किया है।

राजभवन गोल्फ क्लब के कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। टूर्नामेंट में कुल 121 गोल्फर विभिन्न वर्गों में खेलेंगे जिनमें सुपर वेटरन, वेटरन, जनरल, लेडिज और जूनियर गोल्फर केटेगरी शामिल हैं। दिनांक 7 जून को प्रातः 8:30 बजे राज्यपाल द्वारा टी ऑफ कर खेल का शुभारम्भ किया जायेगा।

इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, डीआईजी योगेंद्र रावत, एसएसपी पी. एन. मीणा, परिसहाय श्री राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

............0...........